हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

06 अक्षय तृतीया पर मंदिर में सजे मंडप 27 गरीब...



07 संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के टैलेंट हंट में बच्चों ने...






## खबर संक्षेप

### स्प्रिंगफील्ड छात्र नमन ने इंदौर में जीता खिताब



**विदिशा।** स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के कक्षा 12 के छात्र नमन रघुवंशी ने इंदौर में आयोजित अंडर-18 टेनिस ओपन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला खिताब जीतकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। नमन ने पुरुष वर्ग में भी भाग लेते हुए कड़े मुकाबलों के बीच सेमीफाइनल तक जगह बनाई। यह प्रतियोगिता रेसीडेंसी क्लब द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें 200 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कोच गगनदीप सिंह ने नमन की सफलता का श्रेय उनके अनुशासित प्रशिक्षण और समर्पण को दिया। विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

### अपना घर आश्रम में सेवा कर मनाया प्रकटोत्सव




**विदिशा।** अपना घर आश्रम, विट्ठलनगर में ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति ने भगवान परशुराम प्रकटोत्सव सेवा कार्यों के साथ मनाया। आश्रम में वर्तमान में 128 मानसिक दिव्यांग, निराश्रित व बीमार प्रभुजन आश्रय पा रहे हैं। रागिनी मिश्रा, कंचन शर्मा, रागनी छत्रपाल शर्मा व सुषमा पाठक के नेतृत्व में बहनों ने परशुराम जी के चित्र का पूजन कर प्रभुजनों को मिष्ठान सहित विशेष भोजन कराया तथा आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। इस अवसर पर सचिव जीएस चौहान सहित घनश्याम डागा, कैलाश मिश्रा, दिनेश दयाल चतुर्वेदी, निरंजन राठौर व मनीष माहेश्वरी उपस्थित रहे।

### 80% से अधिक अंक पाने वाले छात्रों का ओलंपस करेगा सम्मान

**विदिशा।** सीबीएसई एवं एमपी बोर्ड के कक्षा दसवीं के घोषित परिणामों में ओलंपस हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खुशी रघुवंशी ने 95.8% और भूमि रघुवंशी ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 10 से अधिक छात्रों ने 90% से ज्यादा अंक हासिल किए। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु 26 अप्रैल को विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित होगा। विदिशा, गुलाबगंज, ग्यारसपुर व आसपास के इंग्लिश मीडियम प्राइवेट स्कूलों के 80% से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राएं निशुल्क पंजीयन कर भाग ले सकेंगे। सभी को ट्रॉफी, सम्मान पत्र व छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### जैन लायंस की 21 रन से शानदार जीत

**विदिशा।** कुशाभाऊ खेल परिसर में आयोजित विधायक प्रीमियम लीग सीजन-2 (2026) डे-नाइट लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में जैन लायंस ने साती सीनियर टीम को 21 रन से हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए जैन लायंस ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 208 रन बनाए। राजकुमार दांगी ने 46 गेंदों में 82 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। अरविंद मालवीय ने 50 रन का योगदान दिया, जबकि साकेत श्रीवास्तव ने 15 गेंदों में 28 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साती सीनियर टीम 20 ओवर में 2 विकेट पर 187 रन ही बना सकी। सचिन बाल्मीके ने 76 और सुमित जैन ने नाबाद 51 रन बनाए। जैन लायंस के अरविंद राठौर ने 2 विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

## भाजपा में शामिल होने के बाद जनाधार दिखाने पूर्व विधायक शशांक भार्गव का पहला बड़ा शक्ति प्रदर्शन, राजनीतिक हलचल तेज हुई

विवेकानंद चौराह पर होगा किसान महापंचायत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



जिले में फसल तुलाई में आ रही समस्याओं को लेकर 23 अप्रैल गुरुवार को सुबह 11 बजे स्वामी विवेकानंद चौराह पर किसान महापंचायत एवं प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आह्वान पूर्व विधायक शशांक श्रीकृष्ण भार्गव द्वारा किया गया है। खास बात यह है कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक आंदोलनात्मक कार्यक्रम है, जिससे जिले की राजनीति में नई सुगबुगाहट तेज हो गई है। आयोजन में सभी दलों के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं किसान साथियों को आमंत्रित किया गया है। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग करेगा। मुख्य मांगों में गेहूं, चना एवं मसूर की सरकारी खरीदी तब तक जारी रखने की मांग शामिल है, जब तक प्रत्येक किसान की पूरी उपज नहीं खरीदी जाती।

चने में तेवड़ा मिश्रण की परमिशन लिमिट 2 प्रतिशत निर्धारित करने की मांग भी रखी गई है। साथ ही खरीफ सीजन को देखते हुए 5 बीघा पर 3 बोरी डीएपी, 4 बोरी यूरिया और 1 बोरी पोटाश एक साथ उपलब्ध कराने की मांग की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सूचना डीपी हटाने पर रोक तथा विवाह सीजन में निमंत्रण पत्र के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग भी प्रमुख है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा में आने के बाद भार्गव का यह कदम संगठन के भीतर अपनी सक्रियता और जनाधार दिखाने की कोशिश माना जा रहा है। कार्यक्रम में दोनों वर्तमान सांसद, विधायक, पूर्व जनप्रतिनिधि और पंचायत स्तर तक के पदाधिकारी आमंत्रित किए गए हैं, जिससे इसे व्यापक राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है।

## समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों की अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

**विदिशा।** जिले में गेहूं उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्था एवं स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने 21 अप्रैल मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की घोषणा की है। जिला कांग्रेस का आरोप है कि सरकार ने बिना पर्याप्त तैयारी के उपार्जन प्रक्रिया शुरू कर दी, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के अनुसार सैटेलाइट इमेज आधारित सत्यापन में तकनीकी खामियों के कारण कई किसानों का डेटा मेल नहीं खा रहा, जिससे पंजीयन अटक रहा है और स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही। वहीं, जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग हो चुकी है, उनकी उपज खरीदी के समय मामूली कारण बताकर रिजेक्ट की जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में सुबह 11 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा।



परशुराम जयंती पर पेढ़ी चौराह से निकाली भव्य शोभायात्रा, अग्रवाल धर्मशाला में हुई धर्मसभा

## भगवान परशुराम की शोभायात्रा में विप्रजनों ने दिया शस्त्र से शक्ति, शास्त्र से ज्ञान और एकजुटता से एकता का संदेश

धर्मसभा में धर्म की रक्षा और सनातन को आगे बढ़ाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




**विदिशा।** शोभायात्रा में धर्म रक्षा के कार्य कर रहे विद्वान ब्राह्मण शामिल हुए।

भगवान श्री परशुराम जयंती पर विप्र समाज द्वारा पेढ़ी चौराह से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

पेढ़ी चौराहे से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा बाल विहार पहुंची, जहां शोभयात्रा धर्मसभा में परिवर्तित हुई। रास्ते में जगह जगह लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। चल समारोह में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी विशेष रूप से सजाई गई थी, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शस्त्र लेकर शामिल हुए और समाजिक एकता के साथ एकजुटता का संदेश दिया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत मंच लगाए गए, जहां पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर युवाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

बैंड-बाजों की धुन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन में शामिल लोगों ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। आयोजकों के अनुसार इस तरह के कार्यक्रम समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि हर वर्ष परशुराम जयंती के अवसर पर इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं, ताकि नई पीढ़ी अपने इतिहास, संस्कारों से जुड़ सके। शोभायात्रा में पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा, पूर्व विधायक शशांक भार्गव, कमल सिलाकारी, एड लक्ष्मीनारायण दंडोतिया, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, पंकज पांडे, संतोष शर्मा, राकेश कटारे, राजेश दुबे बर्रो, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज, उमाशंकर दुबे, छत्रपाल शर्मा, अवधेश दुबे, संजीव दुबे, दीपक तिवारी, अटल तिवारी, राजीव दुबे, बागेश मिश्रा, विजय दीक्षित, अंकितकृष्ण शास्त्री, मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे आदि शामिल रहे। वहीं विधायक मुकेश टंडन, तीरथ प्रतापसिंह दरबार, केके गुप्ता, शैलेंद्र सिंह भदौरिया, नपा में नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी, धर्मेन्द्र सक्सेना, नितिन माहेश्वरी लाला आदि शामिल हुए।

### नगर कांग्रेस ने किया चल समारोहों का स्वागत

परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा का नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा तिलकचौक पर परशुराम जी की पूजा अर्चना कर स्वागत किया। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, पंकज जैन, सुशील शर्मा, रामराज दांगी, महेंद्र वर्मा, लक्ष्मीनारायण शर्मा, कपिल गोस्वामी, प्रसंग जैन, नरेश साहू, संजीव प्रजापति, मोनू त्यागी आदि मौजूद रहे।



**विदिशा।** शोभायात्रा में समाजजन सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### गुलाब वाटिका के पास मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**विदिशा।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गुलाब वाटिका के पास हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। जांच में पीड़ित व्यक्ति ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार किया, फिर भी सार्वजनिक स्थान पर मारपीट को गंभीर मानते हुए कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में अशोक वाल्मीकि (35) निवासी जतरापुरा मल्टी, तनवीर वाल्मीकि (20) निवासी जतरापूरा मल्टी और चंदन वाल्मीकि (38) निवासी जानकी नगर शामिल हैं। फरियादी ने माफीनामा प्रस्तुत कर भविष्य में आरोपी पक्ष की पत्नी से किसी प्रकार का संपर्क न रखने का आश्वासन दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई।

### मंदिर से मुकुट चोरी गांव में बढ़ा आक्रोश



**ग्यारसपुर।** ग्राम घटेरा स्थित प्राचीन राम-जानकी मंदिर में रविवार देर रात चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात चोर भगवान श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण जी के तीनों मुकुट चुराकर फरार हो गए। पुजारी रमेश दास के अनुसार रात 8 बजे पूजा-अर्चना के बाद वे घर चले गए थे। सुबह मंदिर पहुंचने पर मुकुट गायब मिले, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। मंदिर में परंपरागत रूप से ताला नहीं लगाया जाता था। चोरी गए मुकुटों का कुल वजन लगभग ढाई सौ ग्राम बताया गया है, जिनकी वर्तमान कीमत 50 हजार रुपए से अधिक आंकी जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी गोकुल अजनेरिया मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर एसएफएल टीम और डॉग स्क्वाड की मदद से जांच शुरू कर दी है।

## गर्मी में पगलाए कुत्ते, एक दिन में 14 लोगों को काटा

गर्मी का असर: बच्चों सहित कई पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा


शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। सोमवार को एक ही दिन में करीब 14 लोगों को कुत्तों ने काट लिया, जिससे वे घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें रेबीज के टीके लगाए गए।

पीड़ितों में छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं, जिससे शहर में डर का माहौल बन गया है। रीटा फाटक क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक है। यहां 12 वर्षीय नैना और तीन साल की एक मासूम बच्ची भी कुत्तों के हमले का शिकार हुईं। इन घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों में दहशत देखी जा रही है।

जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी ने बताया कि सुबह से दोपहर तक 14 लोग कुत्तों के काटने के मामलों में अस्पताल पहुंच चुके हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यह संख्या बढ़ सकती है। डॉक्टर के अनुसार, मौसम में अचानक बढ़ी गर्मी के कारण कुत्तों का स्वभाव आक्रामक हो गया है, जिससे ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

### अचानक आकर कुत्ते हमला कर रहे

कई मामलों में कुत्ते अचानक आकर लोगों पर हमला कर रहे हैं। एक घटना में, जब एक व्यक्ति हैंडपंप के पास पानी पी रहा था, तभी पास बैठी दो बच्चियों पर कुत्ते ने हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बच्चों को बचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन नगर प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर आवारा कुत्तों को पकड़ने और इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की। डॉक्टरों ने नागरिकों से अपील की कि वे सतर्क रहें, बच्चों को अकेले बाहर न छोड़ें और कुत्तों से दूरी बनाकर रखें। किसी भी काटने की घटना पर तुरंत अस्पताल जाकर उपचार और रेबीज का टीका लगवाना बेहद जरूरी है।



### हाईवे-146 पर चेकिंग में 24 वाहनों पर कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** ग्यारसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-146 पर ओलिंजा पेट्रोल पंप के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कादिर खान और थाना प्रभारी गोकुल अजिनेरिया के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने वाहनों की सघन जांच की। दोपहिया, चारपहिया और बसों को रोककर दस्तावेज, हेलमेट व सीट बेल्ट की जांच की गई। नियम उल्लंघन करने वाले 24 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 25 हजार 800 रुपएवसूले गए, जबकि कई बाइक जब्त कर थाने भेजी गईं। अधिकारियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### मंदिर में चोरी के आरोपी 6 घंटे में गिरफ्तार

**हैदरगढ़।** रविवार रात रात करीब 12:30 बजे भोई बाबा मंदिर से घंटा और चढ़ोत्तरी की नगदी चोरी हो गई। पुजारी संतोष शर्मा (58) निवासी पिपरिया पाराशर की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की। थाना प्रभारी उनि रोहित कुमार कौरव, सउनि घनश्याम शास्ता व डायल-100 टीम ने मात्र 6 घंटे में आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी विशाल सहरिया (20) व राजकुमार कुशवाह (22) निवासी मोहनपुर, ग्यारसपुर हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## कनारा इंटर-स्कूल कप: अंतिम क्षणों में वात्सल्य स्कूल की टीम ने बाजी मारी, एमजीएम स्कूल को 2 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कनारा इंटर-स्कूल कप 2026' के दूसरे दिन एक बेहद संघर्षपूर्ण और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। वात्सल्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल और साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच खेले गए इस मैच में वात्सल्य स्कूल ने अंतिम क्षणों में बाजी मारते हुए 2 विकेट से जीत दर्ज की।

मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए क्लब के वरिष्ठ सदस्य और कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में संजय जैन, संदीप सिंह डोंगर सिंह, राजेश वर्मा, राजेंद्र दुबे, चंचल जैन, अभिषेक अरोरा और अमित बंसल ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

**साकेत एमजीएम की पारी:** पहले बल्लेबाजी करते हुए साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने संघर्षपूर्ण खेल दिखाया। टीम ने 19.4 ओवरों में 9 विकेट खोकर 120 रन बनाए। साकेत एमजीएम की ओर से हर्ष शर्मा ने शानदार 58 रनों की अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। **वात्सल्य स्कूल की जवाबी पारी:** 121 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वात्सल्य स्कूल की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। कृष्णा चौबे की धुआंधार बल्लेबाजी की बदौलत टीम ने मात्र 15.4 ओवरों में 8 विकेट खोकर 122 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया। हालांकि साकेत एमजीएम के गेंदबाज ऋषि राज सिंह ने 4 विकेट लेकर मैच को अंत तक रोमांचक बनाए रखा। बेस्ट बल्लेबाज कृष्णा चौबे वात्सल्य, बेस्ट बॉलर ऋषिराज सिंह साकेत एमजीएम, मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर हर्ष शर्मा साकेत को पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति के अनुसार इस टूर्नामेंट के माध्यम से विदिशा की उभरती हुई क्रिकेट प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का भरपूर अवसर मिल रहा है। अगला मुक़ाबला ट्रिनिटी कॉन्वेंट व साकेत एमजीएम के मध्य बुधवार को खेला जाएगा।




बेस्ट बल्लेबाज वात्सल्य स्कूल के कृष्णा चौबे

**खबर संक्षेप**

## शादी से लौट रहे परिवार के साथ मारपीट



**गंजबासौदा।** शादी समारोह से बेगमगंज से लौट कर घर आ रहे गंजबासौदा निवासी दिनेश यादव, रणवीर यादव, मजबूत सिंह यादव, एक महिला और ड्राइवर बिट्टू लोधी के साथ बरबटी के पास मारपीट की घटना हुई है। जिसके बाद सभी घायलों को त्योंदा अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें उपचार दिया गया। मारपीट में घायलों ने अपने साथ लूट की शिकायत भी की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि वाहन के ओवर टेकिंग को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद मारपीट हो गई।

## भोपाल पुलिस टीम आई कार्रवाई करने

**गंजबासौदा।** ऑनलाइन फ्रॉड के एक मामले में भोपाल की विशेष पुलिस टीम गत दिवस ग्राम बिसधा में एक युवक को पकड़ने आई थी। बताया जाता है कि उक्त आरोपित युवक ने भोपाल के एक अधिकारी के साथ डॉटा हैक कर धोखाधड़ी का प्रयास किया था। इसी मामले की जांच करते हुए पुलिस टीम भोपाल से बिसधा तक पहुंची। इस मामले में पुलिस टीम द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी अप्राप्त है।

## भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव मनाया

**रहली।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय देवलिया मंदिर में विप्र समाज द्वारा भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में विराजित भगवान परशुराम की प्रतिमा का विधि-विधान से अभिषेक, पूजन-अर्चन और हवन कर विश्व कल्याण की कामना की गई। विप्र समाज के सदस्यों ने एकत्रित होकर भगवान परशुराम का दुग्धाभिषेक किया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। पूजन और आरती के संपन्न होने के बाद उपस्थित जनसमूह को प्रसाद वितरित किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर देव सीताराम न्यास के अध्यक्ष सुशील हजारी सहित अक्षय हजारी, लालू तिवारी, मनीष मिश्रा, साहित्य तिवारी, मनीष भारद्वाज, केशव पाठक, नंदकिशोर मिश्रा, रामकुमार तिवारी, पंकज मिश्रा और कमलेश तिवारी सहित अनेक विप्रजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया।

## प्रेम प्रवाहिनी रथ पर पुष्प वर्षा कर की आरती

**सागर।** भगवान श्री सत्य साई बाबा का प्रेम प्रवाहिनी रथ सिविल लाइन स्थित साई निलयम से रविवार से भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देने पहुंच रहा है। रथ गोपालगंज, सन राइज मेगा सिटी, बसंत बिहार, मकरोनिया में भक्तों के बीच पहुंचा जहां लोगों ने उत्साह के साथ ध्वज, रथ पादुका पर पुष्प वर्षा कर आरती उतारी एवं भजन संध्या कर आनंद लिया।




## टिटहरी ने दिए चार अंडे

**गंजबासौदा।** टिटहरी के अंडे ग्रामीण भारत में मानसून और बारिश का पूर्वानुमान लगाने का एक प्राचीन प्राकृतिक संकेत माने जाते हैं। लोक मान्यताओं के अनुसार, टिटहरी द्वारा खेत की मेड या ऊंचे स्थान पर अंडे देना अच्छी और अधिक बारिश, जबकि समतल जगह पर सामान्य बारिश और नीचे या गड्ढे में अंडे देना कम बारिश का संकेत है। अंडों की संख्या भी बारिश के महीनों को दर्शाती है। टिटहरी अगर 3-4 अंडे देती है, तो इसे बहुत अच्छी बारिश माना जाता है। वैज्ञानिक रूप से यह सिद्ध नहीं है,लेकिन ग्रामीण इलाकों में किसान इन संकेतों के आधार पर ही खेती की योजना बनाते हैं। टिटहरी के अंडे आमतौर पर मार्च से जून के बीच देखे जाते हैं। गत दिवस हरिभूमि छायाकार राजा छारी को गोकुलधाम ग्रीन सिटी के खाली पड़े मैदान में टिटहरी के यह चार अंडे नजर आए। जिन्हें उन्होंने अपने कैमरे में कैद कर लिया। अब इन अंडों के आधार पर ग्रामीण बारिश का पूर्वानुमान लगा रहे हैं।


## पूजन आरती और अभिषेक कर मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव ब्राह्मण दल एवं विप्रजनों द्वारा पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण दल के सदस्यों और अन्य विप्रजनों ने धर्मकांटा क्षेत्र स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में एकत्रित होकर पूजन अर्चन की। इस मौके पर ब्राह्मण दल अध्यक्ष माँ पीतांबरा की अध्यक्षता में एवं ब्राह्मण दल के वरिष्ठ सदस्य बृज किशोर पाठक के मार्गदर्शन में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और सनातन स्वाभिमान के साथ मनाया गया। जिसमें सुबह 9:30 बजे से भगवान परशुराम जी का भव्य पूजन एवं दिव्य आरती की गई। साथ ही ब्राह्मण परिवारों पर आए कष्टों के निवारण के लिए भगवान शिव सिद्धेश्वर महादेव का विशेष रुद्राभिषेक किया गया और भगवान परशुराम जी की दिव्य शक्ति के जागरण का संकल्प किया गया। इस धार्मिक आयोजन में पूर्व प्राचार्य ज्ञानप्रकाश भार्गव, मनोज भार्गव, पटवारी अनिल शर्मा, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली, संदीप रावत, विष्ण शर्मा, नीलेश शर्मा,अखलेश विदुआ, अनिल शर्मा, लकी भारद्वाज, अरूण तिवारी के अलावा बडी संख्या में विप्र समाज के वरिष्ठ, युवा और महिला शक्ति मौजूद रहीं। अनुष्ठान के बाद प्रसादी वितरण किया गया।

दूसरी ओर इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी का जन्म उत्सव श्री शनि देव शक्ति धाम बर्री घाट पर स्थित भगवान परशुराम जी की प्रतिमा का विशेष पूजन अभिषेक आरती कर पांच प्रकार के मिष्ठान का भोग लगाकर मनाया गया। प्रसाद वितरण किया श्री परशुराम भगवान प्रतिमा के संस्थापक ने बताया कि भगवान गणेश जी भगवान परशुराम जी भगवान बामन जी, काली मैया, शंकर जी ,की प्रतिमा के ऊपर 60 गुणा 60 फीट के टीन सेट का काम शुरू हो चुका है। इस दौरान दिनेश दंडोतिया, भारत पाठक, सुनील पिंगले, दीपक तिवारी, प्रकाश एलिया, बल्लू यादव, कैलाश नामदेव, डॉ अशोक रोहिले, विजय अरोरा, विक्रम चौहान मौजूद थे।



### साधु-संतों ने दिया आशीर्वाद, विधायक ने बेटियों को दी सुहाग सामग्री

# अक्षय तृतीया पर मंदिर में सजे मंडप 27 गरीब बेटियों के हाथ किए पीले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





अभी तक मंदिरों और आश्रमों को केवल पूजा-अर्चना और कथा-भंडारों तक सीमित मान लिया जाता है, लेकिन मूड़रीधाम ने यह साबित कर दिया कि सनातन धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि इंसानियत और सेवा का भी जीवंत रूप है। यहां साधु-संतों की तपस्या केवल शब्दों में नहीं, बल्कि समाज के दर्द को समझकर उसे दूर करने में दिखाई देती है। क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने मूडरी धाम आश्रम पहुंचकर नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि संतों के आशीर्वाद से शुरू हुआ यह आपका दांपत्य जीवन जीवन हमेशा फूलों की बगिया की तरह महकेगा। यहां से आप संकल्प लेकर जाएं कि दांपत्य जीवन को धर्म, विश्वास और संस्कारों के साथ निभाएंगे, यही जीवन की सच्ची सफलता है। इसके अलावा उन्होंने सभी बेटियों को सुहाग सामग्री के रूप अपनी ओर से बिछिया वितरित किए।

अक्षय तृतीया के पावन मौके पर सोमवार को जब 27 गरीब बेटियों के हाथ पीले हुए, तो केवल एक विवाह नहीं हुआ, उन माता-पिता की वर्षों की चिंता, आंखों में छिपा दर्द और दिल में दबे अरमान बेटियों की विदाई के साथ ही विदा हो गए। जिनके लिए बेटी का विवाह एक चिंता में बदल चुका था, आज वही माता-पिता नम आंखों से आशीर्वाद देते नजर आए और वह महसूस कर रहे थे कि संतों की कृपा से आज उनके जीवन का सबसे बड़ा सपना पूरा हो गया है। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर नगर से करीब 25 किलोमीटर दूर श्री राम जानकी मंदिर मूड़रीधाम आश्रम एक भव्य विवाह स्थल में परिवर्तित हो गया, जहां 27 गरीब कन्याओं का वैदिक रीति-रिवाजों के साथ एक ही मंडप के नीचे निशुल्क सामूहिक विवाह संपन्न हुए। वहीं सात दिवसीय श्री राम कथा का भी समापन भी हुआ। मूड़रीधाम का हर कोना आज किसी अपने घर जैसा सजा था। रोशनी, फूलों और रंगीन सजावट के बीच ऐसा लग रहा था मानो हर बेटी इस आश्रम की अपनी हो। यहां कोई पराया नहीं था, हर चेहरा अपनेपन से भरा था। वहीं ग्रामीण पलक-पांवड़े बिछाकर स्वागत में आतुर थे। विदिशा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई बारातों का गांववासियों ने दिल खोलकर स्वागत किया।

ढोल-नगाड़ों की गूंज और खुशी से झूमते लोग यह बता रहे थे कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे समाज का उत्सव है। श्रीराम कथा के समापन के बाद पंचांग पूजन के साथ विवाह की रस्में प्रारंभ हुईं। काशी से आए आचार्य लालू महाराज ने मंत्रों के बीच सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया। आश्रम की ओर से नवदंपतियों को गृहस्थी का आवश्यक सामान, सुहाग सामग्री और चांदी के सिक्के भेंट किए गए, जो कि मदद नहीं, बल्कि संतो के आशीर्वाद के साथ-साथ सम्मान के साथ जीवन की नई शुरुआत थी। मूड़रीधाम के महंत परशुराम दास महाराज ने हर वधु को विदाई के समय नगद राशि से भरे लिफाफे दिए। उस क्षण में हर बेटी को ऐसा लगा जैसे एक पिता स्वयं उसे विदा कर रहा हो। विदाई का समय आया तो खुशियों के बीच आंखें नम हो गईं। बेटियों के साथ-साथ उनके माता-पिता भी भावुक हो उठे। बेटियों के माता-पिता ने कहा कि मूड़रीधाम ने आज यह साबित कर दिया कि मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि समाज की संवेदनाओं का केंद्र भी हो सकता है। जहां धर्म, सेवा और इंसानियत एक साथ मिलकर जीवन बदल देते हैं और जहां आस्था के साथ-साथ इंसानियत भी बसती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## नौ देवी पिपलेश्वर मंदिर समिति द्वारा 41 वां निःशुल्क धर्म विवाह संपन्न



**गंजबासौदा।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत नौदेवी पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा निर्धन कन्याओं के निःशुल्क विवाह का पुनीत कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में समिति द्वारा 41वां धर्म-विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर काली पठार निवासी खुशबू अहिरवार पुत्री गजराज अहिरवार का विवाह विदिशा निवासी धर्मेंद्र अहिरवार पुत्र तेजसिंह अहिरवार के साथ विधिवत वैदिक रीति-रिवाजों से संपन्न कराया गया। उल्लेखनीय है कि कन्या के पिता दैनिक मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं, वहीं वर पक्ष भी मजदूरी का कार्य करता है। समिति द्वारा विवाह के अवसर पर कन्या को उपहार स्वरूप संपूर्ण गृहस्थी सामान प्रदान कर सम्मान पूर्वक विदा किया गया। विवाह आयोजन में समाजजनों की उपस्थिति रही तथा सभी ने समिति के इस सेवा कार्य की सराहना की हैं। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि,“नौदेवी पिपलेश्वर मंदिर समिति समाज में अमीर-गरीब, जाति-पात से ऊपर उठकर निर्धन कन्याओं के निःशुल्क विवाह कराकर उन्हें सम्मान जनक जीवन प्रदान करने हेतु लगातार कार्य कर रही है। यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।” समिति के इस अनुकरणीय प्रयास को नगरवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने सराहते हुए सहयोग और समर्थन देने की बात कही है।

## मोबाइल कोर्ट में बिना दस्तावेज वाहनों से 91800 रुपए वसूले



**गंजबासौदा।** गत दिवस बागरोद चौकी के समीप साक्षी प्रसाद न्यायिक मजिस्ट्रेट गंजबासौदा की विशेष मौजूदगी में सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया और मोबाइल कोर्ट लगाकर मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। इस विशेष चैकिंग अभियान में बिना ड्रायविंग लायसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, पीयूसी, सीट बेल्ट जैसे आवश्यक दस्तावेज न होने तथा बस द्वारा क्षमता से अधिक सवारी लेकर जाने तथा ओवरलोड वाहनों पर न्यायाधीश द्वारा मौके पर ही जुर्माना की कार्रवाई की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विदिशा शेख सलीम के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विदिशा के निर्देशन में थाना त्योंदा के अंतर्गत बागरोद चौकी, तहसील गंजबासौदा के समीप साक्षी प्रसाद, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, गंजबासौदा द्वारा मोबाइल कोर्ट लगाकर सख्ती से वाहन के दस्तावेजों की जांच की गई। वाहन चैकिंग को देखते ही वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमी पाई गई, उन पर जुर्माने की कार्रवाई की गई तथा जिनके चालकों के पास वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज थे, उन्हें बिना रोक-टोक जाने दिया गया। इसके अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रेडियम भी लगाए गए। उक्त कार्रवाई में 91800 रूपये का जुर्माना किया गया। उक्त कार्रवाई में न्यायालयीन स्टॉफ एवं थाना त्योंदा के थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी एवं थाना त्योंदा एवं चौकी बागरोद का पुलिस बल मौजूद रहा। न्यायाधीश द्वारा यह भी हिदायत दी गई है कि वाहनों का बीमा अवश्य करावें, वाहन चालक अपने वाहनों के दस्तावेजों को अपडेट रखे और नियमों का पालन करें। साथ ही न्यायाधीश साक्षी प्रसाद द्वारा स्वयं ही वाहनों के पीछे रेडियम पट्टी लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीण क्षेत्र में गति धीमी

# वार्ड 23 में बावड़ी सफाई अभियान जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जल संरक्षण और पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के उद्देश्य से चलाए जा रहे ‘जल गंगा संवर्धन अभियान’ अंतर्गत नगरपालिका गंजबासौदा के वार्ड क्रमांक 23, वेदनखेड़ी स्थित हनुमान जी मंदिर के पास प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बावड़ी में जमा गाद, कचरा एवं झाडियों को हटाकर जल स्त्रोत को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका अमले की निगरानी में चल रहे इस कार्य में सफाईकर्मी पूरी मेहनत से जुटे हुए हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव के अनुसार इस पहल का उद्देश्य वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना और क्षेत्र में जल स्तर को सुधारना है। साथ ही, ऐसे ऐतिहासिक जल स्त्रोतों को संरक्षित कर उनकी उपयोगिता को पुनः स्थापित करना भी अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस कार्य की सराहना की है और प्रशासन से अपील की है कि इसी प्रकार अन्य पुराने जल स्त्रोतों की भी साफ-सफाई कर उन्हें उपयोगी बनाया जाए। ‘जल गंगा अभियान’ के तहत जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य निरंतर जारी हैं। उल्लेखनीय है कि नगरीय क्षेत्र में तो यह अभियान जोर शोर से जारी है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान ने अभी गति नहीं पकडी है।

## दुकान हटाने के आश्वासन के बाद भी जारी है धरना प्रदर्शन




**गंजबासौदा।** स्टेशन क्षेत्र स्थित हनुमान-शिव मंदिर के समीप से शराब दुकान हटाने को लेकर युवाओं और नागरिकों का धरना प्रदर्शन अब भी जारी है। उल्लेखनीय है कि पिछले एक पखवाड़े से अधिक समय से नागरिक इस शराब दुकान को हटाने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। गत दिवस पहले शराब दुकान ठेकेदार ने शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे नागरिकों और युवाओं को धमकाने का प्रयास किया था और बाद में ठेकेदार के प्रबंधक संतोष सिंह ने प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचकर 15 दिवस में दुकान अन्यत्र स्थानांतरित करने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन प्रदर्शनकारी दुकान हटने तक प्रदर्शन समाप्त करने पर सहमत नहीं हुए और धरना प्रदर्शन अब भी जारी है। प्रदर्शनकारी युवाओ का कहना है कि जब तक यह वादा हकीकत में नहीं बदलता, तब तक स्थानीय नागरिकों के साथ अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शांति पूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

**उठावना एवं श्रद्धांजली**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्री बृज किशोर सुहाने एवं स्व. श्री श्याम बिहारी जी सुहाने के छोटे भाई घनश्यामदास सुहाने की धर्मपत्नी एवं ओमप्रकाश सुहाने (पप्पू भैया) की भाभी जी, सौरभ सुहाने की माताजी, राकेश सुहाने, मुकेश सुहाने, आनंद सुहाने की चाची जी एवं केशव सुहाने, माधव सुहाने की ताई जी, शुभ, आराध्य, सोम, अभीर, क्रिशिव, अर्पण, सान्वी की पूज्यनीय दादी जी **श्रीमती साधना देवी सुहाने** का स्वर्गवास हो गया है जिनका उठावना दिनांक 21 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को समय दोपहर 3.00 बजे रखा गया है। सो जानना जी।

स्थान – कन्या मंडी शाला के सामने नौलखी मंदिर के पास
समय– दोपहर 3.00 बजे

**शोकाकुल - समस्त सुहाने परिवार, गंजबासौदा**

**खबर संक्षेप**

### शिक्षकों को बुनियादी सुविधाएं दिए जाने के लिए कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** डॉ हरिसिंह गौर लोकतांत्रिक शिक्षक संघ ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों के पी-एच.डी इन्क्रीमेंट एवं नव नियुक्त शिक्षकों के लिए बुनियादी कार्य सुविधायें उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में संघ के अध्यक्ष प्रो राजेंद्र यादव के नेतृत्व में कुलपति से मुलाकात की । संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति से मुलाकात करते हुए अवगत कराया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने उच्च शिक्षा में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक स्टाफ की अकादमिक दक्षता और उन्नयन को सुनिश्चित करने के क्रम में एम. फिल. पी.एच.डी धारकों को पांच अग्रिम इन्क्रीमेंट प्रदान किये जाने का प्रावधान किया है। इस संदर्भ में उच्च न्यायालय का इस प्रकरण में शिक्षकों के पक्ष में निर्णय आ जाने के बाद भी नॉनकंपाउंडेड अग्रिम इंक्रीमेंट्स के अधिकार से विश्व विद्यालय द्वारा शिक्षकों को वंचित रखा जा रहा है। 15.04.2026 को उच्च न्यायालय ने शिक्षकों के एम. फिल, पी.एच.डी. इन्क्रीमेंट प्रदान किये जाने के संदर्भ में में एक महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है।

### रेस्टोरेंट संचालक को पीटा, खाना देरी से मिलने पर भड़के, दो पर केस दर्ज

**खुरई।** खाना देरी से मिलने पर ग्राहकों ने रविवार को एक रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट की। घटना रविवार दोपहर 1 बजे की है। पीड़ित संचालक ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। रेस्टोरेंट संचालक अनिल मोदक (45) ने बताया कि वह सागर नाका चौराहे के पास अपना रेस्टोरेंट चलाते हैं। कुछ ग्राहक खाना खाने आए और उन्होंने ऑर्डर दिया। मोदक के अनुसार, खाना समय पर न मिलने पर ग्राहकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने ग्राहकों को रोका, तो उन्होंने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनके सिर में चोट आई। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने जानकारी दी कि अनिल मोदक की शिकायत पर राजा यादव और राजू विश्वकर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

# संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के टैलेंट हंट में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

## कक्षा 10वी में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को कक्षा 11वीं में मिलेगा नि :शुल्क प्रवेश






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल द्वारा रविवार को संस्कार गार्डन फेज-1 में प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक भव्य टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में डांस एवं ड्राइंग वर्ग में सर्वाधिक प्रतिभागी रहे। टैलेंट हंट के अंतर्गत जूनियर एवं सीनियर डांस, फैशन शो, सिंगिंग, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, हिंदी एवं अंग्रेजी लेखन तथा हिंदी एवं अंग्रेजी निबंध लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। वही डांस प्रस्तुतियों बच्चो ने दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं ड्राइंग एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिताओं में बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर मंडल के महामंत्री सुमंत कुमार मित्तल तथा विशिष्ट अतिथि अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष रानी मित्तल रहीं। विद्यालय परिवार द्वारा दोनों अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सुमंत कुमार मित्तल एवं विशिष्ट अतिथि रानी मित्तल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उत्साह, प्रतिभा एवं आत्मविश्वास की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं तथा विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारते रहने के लिए प्रेरित किया।

### कक्षा 10वी में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कक्षा 11वीं में मिलेगा निःशुल्क प्रवेश

वही विद्यालय के चेयरमैन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता आपकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। आपने अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे और समाज के लिए प्रेरणा बनेंगे। मैं आपके उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना करता हूँ। उन्होंने यह भी घोषणा की कि विदिशा जिले के ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने कक्षा 10 में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, यदि वे कक्षा 11 में विद्यालय में प्रवेश लेते हैं, तो उनसे कोई फीस नहीं ली जाएगी। अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### *मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान*

*संस्कार ग्रीन वैली स्कूल में कक्षा 10 सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें विद्यालय के चेयरमैन, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत,लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।वही विघालय के टॉपर्स विद्यार्थियों में नैतिक बघेल 92 प्रतिशत,शिफा जहाँ 91.4 प्रतिशत,अमना जमा 90.8 प्रतिशत,यशिका विश्वकर्मा 90 प्रतिशत,अर्जुन सिंह राजपूत 88.8 प्रतिशत,असद खान 88.4 प्रतिशत,मोहम्मद अशहर खान 86.4 प्रतिशत,ओजस्वी साहू 84.2 प्रतिशत,अरिशा बानो 82.6 प्रतिशत,सोमित दद्दोरिया 82.2 प्रतिशत, प्रियम जैन 80.8 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर तथा मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है और भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी।*

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

निर्मला कॉवेंट स्कूल में सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा 10 वी बोर्ड में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को उनके परिजनों के साथ जयघोष के साथ असेंबली ग्राउंड तक लेकर जाया गया। इसके उपरांत विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर टेंसी के द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुये उनके परिजनों का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी एवं हाई स्कूल के विषय शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम में केक काट कर विद्यार्थियों की सफलता का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये वरिष्ठ शिक्षक अनिल जैन ने कहा कि विद्यार्थियों को सफलता कठिन परिश्रम से प्राप्त होती है इसलिये विद्यार्थियों को हमेशा प्रयास करते रहना चाहिये क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है।

### विद्यार्थियों ने सांझा किये सफलता के मंत्र

कक्षा 10वी बोर्ड परीक्षा में 97.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर नगर में प्रथम स्थान अर्जित करने वाली संस्था की छात्रा जेनी तलरेजा ने विद्यार्थियो के साथ अपने अनुभव साँझा करते हुये कहा कि बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिये 10-12 घंटे पढ़ने की आवश्यकता नहीं होती है मन लगाकर 1-2 घंटे पढ़ाई करने और स्वयं पर विश्वास रखने से भी बड़ी सफलता पाई जा सकती है। इसी क्रम में प्रयाग साहू परी गोयल, अमरदीप तिग्गा, आर्थ गर्ग, कुनाल रघुवंशी, अनुष्का जैन, शुभी शर्मा एवं स्वास्ति जैन ने भी जूनियर विद्यार्थियों के साथ सफलता मंत्र साँझा किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ असमा शादिक ने किया। वही कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### 15 करोड़ से अधिक की लागत से पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का होगा विकास

**सिरोज।** नगर के पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में लगभग 15 करोड़ रुपये से अधिक के निर्माण कार्यो को स्वीकृति मिली है। इससे कॉलेज में कई जरूरी सुविधाएं विकसित होंगी और छात्रों को बेहतर माहौल मिलेगा। स्वीकृत कार्यों के तहत कॉलेज परिसर में स्टाफ के लिए लगभग 1 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से 6 एफ-टाइप आवास और करीब 1 करोड़ रुपये की लागत से 4 एच-टाइप आवास बनाए जाएंगे। इसके अलावा छात्रों के लिए लगभग 8 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से 50 सीट वाला बालक छात्रावास और 50 सीट वाला बालिका छात्रावास तैयार किया जाएगा। कॉलेज में कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों के लिए करीब 3 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से 500 सीटों का बहुउपयोगी हॉल भी बनाया जाएगा। साथ ही लगभग 21 लाख रुपये की लागत से खेल मैदान का समतलीकरण किया जाएगा। इन सभी निर्माण कार्यों को मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और आयुष विभाग द्वारा मंजूरी दी गई है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिली है, उल्लेखनीय है कि पूर्व में उच्च शिक्षा मंत्री रहे लक्ष्मीकांत शर्मा के कार्यकाल में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए थे। उसी समय सिरोंज और लटेरी क्षेत्र को पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की सौगात मिली थी। आज यहां बड़ी संख्या में छात्र अध्ययन कर रहे हैं और इसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को मिल रहा है। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा भी विकास की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं।

# अधिवक्ता समाज में मजबूत विकल्प बनकर उभरीं अधिवक्ता लक्ष्मी सिंह मीणा

### अधिवक्ताओं से मिल रहा व्यापक समर्थन

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव 2026 को लेकर सदस्य पद (महिला आरक्षित) की प्रत्याशी अधिवक्ता सुश्री लक्ष्मी सिंह मीणा का प्रदेशभर में जनसंपर्क अभियान तेजी पकड़ रहा है। वे लगातार विभिन्न जिलों एवं तहसील मुख्यालयों का दौरा कर अधिवक्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर रही हैं और आगामी चुनाव में समर्थन एवं सहयोग की अपील कर रही हैं।

जनसंपर्क के दौरान सुश्री मीणा को अधिवक्ता समाज का व्यापक एवं उत्साहजनक समर्थन प्राप्त हो रहा है, जिससे वे एक मजबूत और भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरकर सामने



आई हैं। सुश्री मीणा पिछले कई वर्षों से वकालत के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अधिवक्ता समाज के मुद्दों को प्रभावी रूप से उठाती रही हैं। साथ ही वे सामाजिक सरोकारों से जुड़कर समाज सेवा के क्षेत्र में भी निरंतर एवं उल्लेखनीय योगदान देती रही हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि अधिवक्ता समाज के सम्मान, अधिकारों की सुरक्षा तथा सशक्त एवं प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। अधिवक्ता समाज की आवाज को मजबूती से उठाना और हर वर्ग के अधिवक्ताओं को न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता है। वही उन्होंने विशेष रूप से महिला अधिवक्ताओं के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण, युवा अधिवक्ताओं के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं आर्थिक सशक्तिकरण, तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव को सम्मान देते हुए उन्हें निर्णय प्रक्रिया में उचित भागीदारी देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं स्थायी समाधान का भरोसा दिलाया।

# शादी में जा रही महिला से मारपीट तीन लोगों पर लूटपाट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

थाना ऊनारसी कला थाना अंतर्गत सावन खेड़ी में एक महिला ने 3 लोगों द्वारा मारपीट और लूटपाट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

घटना रविवार की दोपहर की बताई जा रही है। गुना जिले की पारूआ निवासी महिला रविवार को काला देव गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। महिला पानी पीने के लिए सावनखेड़ी में रुकी तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें आरोपी महिला के साथ अभद्रता और झगड़ा करते साफ नजर आ रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके कीमती जेवरात भी लूट लिए। महिला ने लटेरी थाने में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फिलहाल वीडियो के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। जब इसकी जानकारी के लिए थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो थाना प्रभारी ने फोन ने फोन नहीं उठाया।

# अक्षय तृतीया पर बाल विहार पार्क में बच्चों ने कराए गुड्डा-गुड़ियों का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विहार पार्क में बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़ियों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लास से संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी शामिल हुए, जिससे पूरे पार्क में उत्सव जैसा माहौल बन गया। विधि-विधान से शुरुआत करते हुए बच्चों ने गुड्डा और गुड़िया को दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजाया।



इसके बाद रंग-बिरंगी बारात निकाली गई, जिसमें बच्चे नाचते-गाते शामिल हुए। वरमाला, फेरे और विदाई की रस्में भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई गईं। पारंपरिक वेशभूषा में सजे बच्चों ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 4 घायल

**खुरई।** जरवांस बायपास चौराहे पर रविवार शाम करीब 6.30 बजे एक लोडिंग वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दादी की अंत्येष्टि में जा रहे एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें से दो को गंभीर हालत में सागर रेफर किया गया है। यह दुर्घटना खुरई शहरी थाना क्षेत्र के जरवांस बायपास चौराहे पर हुई। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायलों में रमगढ़ा निवासी देवेंद्र पिता जगदीश आदिवासी, ललितपुर, जगदीश पिता बाबू आदिवासी, सोहन पिता महेंद्र आदिवासी और सखी पति जगदीश आदिवासी (45) शामिल हैं।

# गुरुकुल ने मनाया अपना 83वां स्थापना दिवस समारोह

**खुरई।** देश की आजादी के पूर्व से संस्थापित श्री पार्श्वनाथ ब्रह्मचर्याश्रम जैन गुरुकुल के अंतर्गत एस. पी. जैन गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं गुरुकुल छात्रावास ने अपना 83वाँ स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सम्मुख दीपप्रज्ज्वलन के साथ मुख्यातिथि समाजसेवी सुधीर गुरहा (अध्यक्ष, जैन युवा स्वास्थ्य परमार्थ चिकित्सालय) एवं संजय समैया (अध्यक्ष, तारण-तरण जैन समाज) द्वारा किया गया। संस्था प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक द्वारा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्रा लक्ष्मी राजपूत ने संस्था का परिचय प्रदान किया तो वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं के क्रम में अनुभूति जैन, आस्था जैन, कपिल जैन द्वारा गायन की प्रस्तुति सराहनीय रही। इस अवसर पर शिक्षिका भारती राठोर के निर्देशन में विद्यार्थियों ने नृत्य की प्रस्तुति दे। ''स्थापना दिवस'' के अवसर पर सत्र 2025-26 में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं में मध्यप्रदेश की प्रावीण्य सूची में नवम स्थान प्राप्त करने पर हिमांशी यादव, दशम स्थान प्राप्त करने पर कुमकुम लोधी एवं कक्षा बारहवीं में कृषि संकाय से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु कक्षा बारहवीं में कृषि संकाय से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतुबबली अहिरवार का सम्मान किया गया।

# उचित मूल्य दुकानें रोज सुबह 8 से रात 8 तक खुली रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 से नई व्यवस्था लागू की है। आदेशानुसार माह की 1 से 5 तारीख तक प्राथमिकता समूह के हितग्राहियों को राशन वितरण किया जाएगा। उचित मूल्य दुकानें प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुली रहेंगी। दुकानों पर स्टॉक, वितरण दर और पात्रता संबंधी जानकारी का सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा शिकायत पंजी भी रखा जाएगा। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु टोल-फ्री नंबर और ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश भी दिए गए हैं।

### पमारिया गांव में निकली भव्य शोभायात्रा

**नटेरन।** परशुराम जयंती के अवसर पर ग्राम पमारिया नटेरन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। परशुराम सेना के मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी ने बताया कि तृतीय वर्ष में भव्य यात्रा का आयोजन हुआ।



पास के सभी गांव से ब्राह्मण का आगमन हुआ ओर सभी ने गांव में भ्रमण के पश्चात पूजन हवन कर अध्यक्ष मनोज तिवारी के घर भोजन ग्रहण किया।

# कुरवाई में रबी उपार्जन को लेकर अहम बैठक पारदर्शिता और किसानों की सुविधा पर जोर

**विदिशा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर एवं गेहूं उपार्जन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कुरवाई में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) मनीष कुमार जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसान संगठनों के प्रतिनिधि, प्राथमिक सहकारी साख समितियों के प्रबंधक और संबंधित विभागीय अधिकारी शामिल हुए। एसडीएम ने निर्देश दिए कि समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान हितैषी हो। उपार्जन केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। स्लॉट आवंटन, तुलाई, परिवहन और भुगतान व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में किसान प्रतिनिधियों ने समस्याएं रखीं, जिन पर चर्चा कर कई मुद्दों का मौके पर समाधान किया गया। प्रशासन ने समन्वय बनाकर सफल उपार्जन सुनिश्चित करने की अपील की।

# पुलिस को मिली आधुनिक सुविधाओं की सौगात प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल और कैंटीन का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस विभाग की सुविधाओं का विस्तार करते हुए रविवार को कई नई पहल की गईं।

पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन संजय तिवारी, उप पुलिस महानिरीक्षक (देहात) रेंज भोपाल राजेश सिंह चंदेल और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी की उपस्थिति में यातायात थाने में नवनिर्मित प्रेस कॉन्फ्रेंस कक्ष का उद्घाटन किया गया। यह नया प्रेस कॉन्फ्रेंस हॉल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें लगभग 50 लोगों के बैठने की क्षमता है। इसमें उन्नत ऑडियो-वीडियो सिस्टम, एयर कंडीशनिंग और आधुनिक तकनीकी उपकरण स्थापित किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कक्ष पुलिस और मीडिया के बीच प्रभावी संवाद तथा सूचना के पारदर्शी आदान-प्रदान में सहायक होगा।

पुलिस लाइन स्थित कैंटीन का भी शुभारंभ किया गया। इस कैंटीन के माध्यम से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दैनिक उपयोग की वस्तुएं, राशन तथा अन्य घरेलू सामग्री रियायती दरों पर उपलब्ध



कराई जाएगी। इससे पुलिस परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी और उनकी सुविधा में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने यातायात थाना और साइबर शाखा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों और लंबित मामलों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने साइबर अपराधों की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने पुलिस ताइक्वांडो क्लब का भी अवलोकन किया, जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों ने आत्मरक्षा की तकनीकों का प्रदर्शन किया।

अधिकारियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। इस दौरान एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह, टीआई थाना प्रभारी आनंद राज, महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव, यातायात थाना प्रभारी आशीष राय सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### खुरई क्षेत्र के किसान से धोखाधड़ी मालथौन कनेक्शन आया सामने

**खुरई।** खुरई देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बांगची निवासी सरजू उर्फ हरजू अहिरवार के साथ जमीन दिलाने के नाम पर 16 लाख 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सागर-खुरई मार्ग के समीप जमीनों के बढ़ते दामों को देखते हुए पीड़ित ने अपनी पुश्तैनी भूमि बेचकर अन्य स्थान पर सस्ती कृषि भूमि खरीदने की योजना बनाई थी।

इसी दौरान एक रिश्तेदार के माध्यम से उसका संपर्क मालथौन निवासी रानू सिंघई से हुआ, जिसने उसे मालथौन क्षेत्र में एक आदिवासी की 4.69 एकड़ भूमि दिलाने का आश्वासन दिया और अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिलाया।

# गेहूं उपार्जन के लिए सात नवीन खरीदी केंद्र बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले में 147 गेहूं उपार्जन निर्धारित किए गए हैं। किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर 147 उपार्जन केन्द्रों के अतिरिक्त 7 नए गेहूं उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि कृषक बंधुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले में 7 गेहूं उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, उनमें कुरवाई तहसील के दो उपार्जन केंद्र जानकी आजीविका परिषद संकुल मेहलुआ, इंसा वेयर हाउस ग्राम बिशनपुर और नारी शक्ति आजीविका परिषद सिहोरा, शिवम लॉजिस्टिक्स वेयर हाउस ग्राम लायरा के अलावा ग्यारसपुर तहसील के लिए सहारा संकुल स्तरीय संगठन ग्यारसपुर, मंगलम वेयरहाउस ग्यारसपुर, नटेरन तहसील के लिए ग्राम संगठन सेऊ पीतांबरा वेयरहाउस नटेरन, बासौदा तहसील के लिए शिवांश संकुल, स्तरीय संगठन पचमा ऋतु वेयर हाउस, ग्राम कांकर, विदिशा तहसील के लिए शारदा स्व सहायता समूह बमूरिया, मां कर्मा वेयरहाउस ग्राम बमुरिया और शमशाबाद तहसील के लिए पार्वती स्व सहायता समूह शमशाबाद कृष्णा लॉजिस्टिक्स महानीम चौराह शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### देशी फ्रिज बनाने वाले कुम्हारों की जिंदगी में अब भी तपिश कायम

**रायसेन।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही बाजार में मिट्टी के मटकों की मांग एक बार फिर बढ़ने लगी है। प्राकृतिक रूप से पानी को ठंडा रखने वाले ये मटके आज भी देशी फ्रिज के रूप में लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। लेकिन विडंबना यह है कि इन्हें बनाने वाले कुम्हार आज भी मूलभूत सुविधाओं और संसाधनों के अभाव में संघर्ष कर रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि हर साल गर्मी में मटकों की मांग बढ़ती है। लेकिन इस बार स्थानीय स्तर पर पर्याप्त मटके उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इसके चलते मंडला, भोपाल और विदिशा और अन्य जिलों से मटके मंगवाने पड़ रहे हैं। स्थानीय कुम्हारों का कहना है कि अगर जिला प्रशासन और सरकार की ओर से उन्हें थोड़ी मदद और सुविधाएं मिल जाएं, तो वे अपने इस पारंपरिक व्यवसाय को और आगे बढ़ा सकते हैं। मिट्टी के मटके न सिर्फ सस्ते होते हैं। बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। इनमें रखा पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

### धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती

**बाड़ी।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सकल सनातनी विप्र समाज द्वारा भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शोभायात्रा, धर्मसभा और सम्मान समारोह प्रमुख आकर्षण रहे। सुबह 8 बजे नया बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में समाजजन एकत्रित हुए, जहां भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान हिंगलाज शक्ति पीठ संस्कृत पाठशाला के आचार्यों एवं बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया।

### अक्षय तृतीया पर बाजारों में रौनक

**दीवानगंज।** क्षेत्र में सोमवार को अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बाजारों में दिनभर खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। अक्षय तृतीया के मौके पर विशेष रूप से गुड्डा-गुड़िया और उनके विवाह में उपयोग होने वाली सामग्री की जमकर बिक्री हुई। इसके साथ ही दीवानगंज, अंबाडी सहित आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शादियां संपन्न हुईं।

---

#### किसानों और शासन को भुगतना पड़ रहा है खामियाजा

# परिवहन का भुगतान बढ़ाने के लिए बना दिए रैक प्वाइंट से दस से पंद्रह किमी दूर गेहूं उपार्जन केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में गेहूं उपार्जन को लेकर इस बार नई व्यवस्था किसानों और परिवहनकर्ताओं दोनों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। आरोप है कि परिवहन भुगतान बढ़ाने के उद्देश्य से कई गेहूं खरीदी केंद्रों को रैक प्वाइंट से 10 से 15 किलोमीटर दूर स्थापित कर दिया गया है। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है बल्कि परिवहन लागत भी अनावश्यक रूप से बढ़ रही है।

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रैक प्वाइंट के पास खरीदी केंद्र स्थापित होने पर परिवहन का भुगतान कम होता है। जबकि दूरी बढ़ने पर प्रति क्विंटल परिवहन दर में इजाफा होता है। इसी व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए जिम्मेदार विभाग द्वारा केंद्रों की लोकेशन ऐसी जगह तय की गई है, जहां से रैक प्वाइंट तक की दूरी अधिक दर्शाई जा सके। इससे परिवहनकर्ताओं को तो फायदा मिल रहा है। लेकिन इसका खामियाजा किसानों और शासन को भुगतना पड़ रहा है।

**क्या मामला है?**

- किसानों को पहले स्लॉट बुकिंग में परेशानी हुई।
- समय पर खरीदी केंद्र नहीं बनाए गए
- वेयरहाउस 1–5 किमी के अंदर भी उपलब्ध थे, फिर भी रेक पॉइंट से 10–15 किमी दूर वेयरहाउस को चुना गया हैं।
- इससे अनाज को ज्यादा दूरी तक ले जाना पड़ेगा, परिवहन लागत बढ़ेगी। सरकारी खर्च बढ़ेगा।
- खबर में मिलीभगत की आशंका जताई है।



**पूरी खरीदी व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल।**

*इस पूरे मामले में जिला प्रशासन सहित जिम्मेदार विभाग के आला अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। किसानों ने मांग की है कि खरीदी केंद्रों की दूरी की जांच कराई जाए और जो केंद्र अनावश्यक रूप से दूर बनाए गए हैं, उन्हें वास्तव में नजदीकी स्थानों पर शिफ्ट किया जाए। इसके साथ ही गेहूं परिवहन भुगतान व्यवस्था की भी समीक्षा की जानी चाहिए। ताकि शासन प्रशासन को हो रहे अतिरिक्त खर्च पर रोक लगाई जा सके।*

किसानों का कहना है कि पहले जहां उन्हें नजदीकी खरीदी केंद्रों पर उपज बेचने की सुविधा मिल जाती थी। वहीं अब उन्हें 10 से 15 किलोमीटर दूर केंद्रों तक जाना पड़ रहा है। इससे समय और लागत दोनों बढ़ रहे हैं। कई किसानों ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से लंबी दूरी तय करने में डीजल खर्च ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अन्य किराए के वाहनों का भाड़ा बढ़ रहा है। साथ ही कई बार स्लॉट बुकिंग के बाद भी खरीदी केंद्रों पर उपज तुलाई इंतजार करना पड़ता है।

परिवहनकर्ताओं के लिए यह व्यवस्था फायदे का सौदा बन गई है। दूरी अधिक होने के कारण उन्हें प्रति क्विंटल अधिक भुगतान मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार, कुछ मामलों में मिलीभगत की आशंका भी जताई जा रही है। जहां उपज खरीदी केंद्रों का चयन जानबूझकर दूरस्थ स्थानों पर किया गया है। इससे शासन प्रशासन पर आर्थिक भार भी बढ़ रहा है।

वहीं खरीदी केंद्र प्रभारियों का कहना है कि उन्हें ऊपर से मिले निर्देशों के अनुसार ही केंद्रों का संचालन करना पड़ रहा है। कई खरीदी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाओं की कमी भी सामने आ रही है। छाया, पेयजल और तौल व्यवस्था जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं भी पर्याप्त नहीं हैं। जिससे किसानों को भीषण गर्मी में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यदि उपार्जन केंद्रों का चयन पारदर्शी तरीके से और रैक प्वाइंट के समीप किया जाए तो परिवहन लागत में कमी लाई जा सकती है। साथ ही किसानों को भी राहत मिलेगी और उपार्जन प्रक्रिया अधिक सुगम बन सकेगी। गेहूं उपार्जन और परिवहन व्यवस्था में गड़बड़ी को लेकर गंभीर सवाल उठाती है।

**पहले भी विवाद**

पिछले साल धान खरीदी और परिवहन में भी विवाद हुआ था। 27 मामलों में विभागीय जांच भी चल रही है। यानी यह समस्या नई नहीं है, पहले भी सामने आ चुकी है।

फिलहाल, गेहूं उपार्जन के इस सीजन में किसानों को बढ़ी हुई दूरी और अव्यवस्थाओं के बीच अपनी उपज बेचनी पड़ रही है। यदि जल्द ही इस दिशा में सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में किसानों का आक्रोश और बढ़ सकता है।

**सुधार कराएंगे**

परिवहन व्यवस्था में जल्द सुधार कराया जा रहा है। स्लॉट बुकिंग में की जा रही गड़बड़ी में जल्द ही सुधार किया जाएगा। रैंक प्वाइंट में भी सिस्टम को सुधारा जाएगा ।

**राजू कातुलकर**-फूड अधिकारी रायसेन

---

## परशुराम जयंती मनाने निकलेगी भव्य शोभायात्रा के साथ होगी धर्मसभा

◆ फिल्म धुरंधर के कलाकार मेहता की रहेगी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

22 अप्रैल को भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव पर सर्व ब्राम्हण सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वाधान में नगर में भव्य विशाल शोभायात्रा निकाले जाने के साथ पूं. महामण्डलेश्वर पूं. ब्रम्हचारी जी की अध्यक्षता में धर्म सभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवीजी पटेल के साथ धुरंधर फिल्म के कलाकार संजय मेहता की विशेष उपस्थिति रहेगी। समिति के पदाधिकारियों सदस्यों द्वारा राज्यमंत्री पटेल को कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण पत्र दिया गया।



**जोर शोर से तैयारियां**

22 अप्रैल का होने वाले परशुराम जयंती कार्यक्रम को लेकर नगर में व्यापक तैयारियां चल रही है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि कार्य विभाजन के साथ प्रथक समितियां बना कर ब्राम्हण समाज के लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सोंपी गई है। शोभायात्रा में जबलपुर का इन्टरनेशनल बड़े एवं झांकियों का विशष आकर्षण रहेगा। अवनीश पालीवाल ने बताया कि शोभायात्रा में बड़े मंत्रों के साथ बटुक ब्राम्हणों का विशेष आकर्षण रहेगा। समिति अध्यक्ष नरसी प्रसाद शर्मा, प्रदीप द्विवेदी, संजय शर्मा, अवनीश पालीवाल, प्रतीक द्विवेदी, कमल किशोर शर्मा, ओ.पी. चर्तुवेदी, अदित्य शर्मा, सुलभ द्विवेदी, रामनारायण शर्मा इत्यादि ने सभी ब्राम्हण बंधुओं से शोभायात्रा एवं धर्मसभा में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## पांच सूत्री मांगों के लिए सफाई कर्मचारियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पूर्व में दो बार ज्ञापन दे चुके नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा अपनी घोषणा के अनुसार सोमवार को नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को ठप्प कर न.प. कार्यालय गेट के सामने धरना दिया गया। नगर की सडक़ों, मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर प्रातः से झाडू न लगने, कचरा न उढाये जाने से स्थान-स्थान पर कचरे पन्नी के ढेर लगे रहने से नगर में गंदगी का साम्राज्य बना रहा।

न.प. के सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी 5 सूत्री मांगों के लिए 4 अप्रैल एवं पुनः 17 अप्रैल को न.प. के सीएमओ एवं स्थानीय अधिकारियों को ज्ञापन सोंप कर मांगे पूर्ण न होने की स्थिति में 20 अप्रैल से हड़ताल और नगर में साफ-सफाई व्यवस्था बंद करने की लिखित में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी। मुख्य रूप से 1 से 5 तारीख के बीच वेतन भुगतान, बकाया ऐटियर जमा करने, सेकेन्ड सटरडे की छुट्टी दिए जाने की प्रमुख मांगे है।



अपनी मांगो के सम्बन्ध में न.प. के कर्मचारियों द्वारा नगर के प्रमुख मांगों पर नारेवाजी करते हुए रैली निकाली गई। महिला पुरुष कर्मचारियों द्वारा न.प. बंद गेट के सामने धरना दिया गया।

---

## पक्षियों को मिले शीतल जल-न्यायालय परिसर में पेड़ों पर लटकाए जलपात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा पक्षियों को गर्मी से बचाव करने एवं पक्षियों को दाना-पानी उपलब्ध कराने के लिए मिट्टी के वर्तन (सकोर) वृक्षों पर लगाये जाने संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश सुनीता पचौरिया द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं, पक्षकारों व न्यायालयीन कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंच-ज अभियान अंतर्गत पक्षियों के पानी पीने के लिए मिट्टी के सकोरे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया। साथ ही बताया गया कि पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाना एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है।

## जय परशुराम' के जयघोष से गुंजायमान हुआ नगर, भव्य शोभायात्रा के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

नगर के धार्मिक इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भगवान परशुराम प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आज भव्य और गरिमामय समापन हुआ। 18 अप्रैल से प्रारंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज 20 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम के भव्य नगर भ्रमण और महाआरती के साथ हुई।

**झांकी रही आकर्षण का केंद्र**

आज के भव्य जुलूस का सबसे विशेष आकर्षण भगवान परशुराम का जीवंत भेष धारण किए कार्तिक शर्मा रहे। वे हाथ में फरसा लिए और अश्व (घोड़े) पर सवार होकर पूरे जुलूस की अगुवाई कर रहे थे। उन्हें भगवान के रूप में घोड़े पर सवार देख भक्त भाव-विभोर हो गए और उनके पीछे युवाओं और श्रद्धालुओं का भारी जनसमूह 'जय परशुराम' के नारे लगाते हुए चल रहा था।



**भक्ति व शक्ति का अनूठा संगम**

महोत्सव के अंतिम दिन भगवान परशुराम की प्रतिमा को रथ पर सवार कर नगर भ्रमण कराया गया। जय श्री परशुराम के उद्घोष से नगर की गलियां गूंज उठीं। नगर भ्रमण में समाज की महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और आरती उतारकर भगवान की अगवानी की।

**वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान**

आचार्य रामगोपाल मिश्रा के पुरोहित्य में ब्राह्मणों के दल ने संपूर्ण अनुष्ठान संपन्न कराया। श्री राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान परशुराम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक ऋचाओं और मंत्रों के सस्वर पाठ के साथ की गई।

आयोजन के दौरान समाज के वरिष्ठ जनों और युवाओं के बीच अद्भुत समन्वय देखने को मिला। वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में युवाओं ने संगठित होकर इस पुनीत कार्य को पूर्ण कराया।

## विवाहों की अधिकता से बाजारों में बढ़ी रौनक जोरदार ग्राहकी से व्यापारियों का बढ़ा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

अक्षय तृतीया पर अवूझ मुर्हत में सबसे अधिक विवाह बारातें होती है। 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया एवं आने वाली तिथियों में नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में भारी संख्या में विवाह लग्र होने से नगर के बाजारों में खरीददारों की भीड़ उमड़ रही है। सर्राफा, कपड़ा, बर्तन, किराना सामग्री के साथ उपहार सामग्री के लिए इलेक्ट्रानिक्स फर्नीचर दुकानों पर अपनी मनपसंद सामग्री खरीदने भीड़ का नजारा बन रहा है।

सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में बरेली नगर प्रमुख व्यापारिक केन्द्र है। आसपास के 100 से अधिक ग्राम विभिन्न प्रकार के वाहनों के विक्रय शोरूम होने के साथ किराना, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ो की थोक और फुटकर दुकानों की अधिकता है। क्षेत्र में सबसे बड़ा सर्राफा मार्केट भी नगर में है। विवाहों की अधिकता के कारण प्रतिदिन भारी व्यापार हो रहा है।

---

#### बिना पंचांग देखे भी हुए धूमधाम से विवाह

## अक्षय तृतीया पर सर्वार्थ सिद्धि, त्रिपुष्कर सहित कई शुभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सनातन परंपरा में अक्षय तृतीया को अत्यंत शुभ और फलदायी तिथि माना जाता है। इस वर्ष सोमवार को अक्षय तृतीया पर कई दुर्लभ और श्रेष्ठ संयोग एक साथ बने। जिसके कारण यह दिन विवाह, गृह प्रवेश, खरीदारी और नए कार्यों की शुरुआत के लिए विशेष रूप से अनुकूल माना गया। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार अक्षय तृतीया पर सर्वार्थ सिद्धि योग, त्रिपुष्कर योग और अबूझ मुहूर्त जैसे महत्वपूर्ण योगों का संगम हुआ जो इसे और भी खास बना रहा है।

विशेष बात यह है कि अक्षय तृतीया को “अबूझ मुहूर्त” की संज्ञा दी जाती है। इसका अर्थ है कि इस दिन बिना किसी विशेष मुहूर्त निकाले भी विवाह जैसे मांगलिक कार्य संपन्न किए जा रहे हैं। आमतौर पर विवाह के लिए पंचांग देखकर शुभ समय का चयन किया जाता है। लेकिन अक्षय तृतीया पर पूरे दिन को ही शुभ माना गया। यही कारण है कि इस दिन बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित होते हैं। सिलवानी में 38 वें वर्ष यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन काठिया मंदिर परिसर सिलवानी में आयोजित किया गया। यादव समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि इस साल ग्यारह जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे। इस पावन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, दिनेश यादव, नगर मंडल अध्यक्ष रायसेन आदित्य जीतू शर्मा, दीपक रघुवंशी, मीडिया प्रभारी सीएल गौर आदि द्वारा वर वधुओं को आशीर्वाद देकर बेहतर दांपत्य जीवन की कामना की।



ज्योतिष विशेषज्ञों का कहना है कि इस वर्ष सर्वार्थ सिद्धि योग के बनने से किए गए कार्यों में सफलता और स्थायित्व प्राप्त होता है। वहीं त्रिपुष्कर योग के प्रभाव से किए गए शुभ कार्य तीन गुना फल देने वाले माने जाते हैं। इन दोनों योगों का एक साथ होना अत्यंत दुर्लभ संयोग है, जो वर्षों में कभी-कभी ही बनता है। इसके अलावा अक्षय तृतीया स्वयं में ही “अक्षय फल” देने वाली तिथि है, जिसका अर्थ है कि इस दिन किए गए कार्यों का पुण्य और लाभ कभी समाप्त नहीं होता।

अक्षय तृतीया पर विवाह के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में शादी की तैयारियां जोरों पर रहीं। मैरिज गार्डन, होटल और धर्मशालाएं पहले से ही बुक हो चुकी हैं। सराफा बाजार में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रहीं।क्योंकि इस दिन सोना-चांदी खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। कपड़ा बाजार, बर्तन दुकानों और इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में भी रौनक रही।

पंडितों के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान-पुण्य का फल कई गुना बढ़ जाता है। लोग इस अवसर पर जरूरतमंदों को अन्न, जल, वस्त्र और धन का दान करते हैं।

## अंबाडी में अमृत सरोवर शराबियों का बना अड्डा, जिम्मेदार मौन

### असामाजिक तत्वों ने तोड़ी पंचायत की कुर्सियां ग्रामीणों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम अंबाडी में पंचायत द्वारा कुछ वर्ष पूर्व बनाए गए अमृत सरोवर बांध की स्थिति अब चिंता का विषय बन गई है। जहां एक ओर इस सरोवर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण और बैठने की सुविधा उपलब्ध कराना था, वहीं अब यह स्थान असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार पंचायत ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए सरोवर के पास दो सीमेंट की मजबूत कुर्सियां रखवाई थीं, जिन पर एक साथ 6 लोग बैठ सकते थे। लेकिन बीती रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने इन कुर्सियों को तोड़ दिया, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।



ग्रामीणों का आरोप है कि देर रात कुछ लोग यहां आकर शराब पीते हैं और हुड़दंग मचाते हैं। धीरे-धीरे यह स्थान शराबियों का अड्डा बनता जा रहा है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। कुर्सियों के टूटने की घटना ने ग्रामीणों के गुस्से को और बढ़ा दिया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि,अमृत सरोवर क्षेत्र में नियमित निगरानी की जाए, असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई हो, टूटे हुए सार्वजनिक संसाधनों की मरम्मत करवाई जाए।